भारत अमृत महोत्सव के तहत संस्थान में पौधारोपण

जोधपुर 16 जुलाई, 2021, भारत की आजादी का 75 वाँ वर्ष पूर्ण होने जाने के उपलक्ष में " भारत का अमृत महोत्सव" कार्यक्रम के अन्तर्गत "हर मेड़ पे पेड़" विषय पर आयोजित किया गया और संस्थान (काजरी) में वृक्षारोपण किया गया। संस्थान निदेशक डॉ. ओ.पी. यादव ने गुलमोहर, आंवला, अंजीर, गम्हार, मालाबार, नीम के पौधों का पौधारोंपण किया। डॉ. यादव ने कहा कि पौधारोपण से ही पर्यावरण को संतुलित बनाया जा सकता है । यह पर्यावरण और पारिस्थितिकी संतुलन के साथ.साथ आर्थिक लाभ के भी महत्वपूर्ण संसाधन है ।

पीएमई प्रभारी डॉ. पी. सी. महाराणा ने कहा कि पौधे रेगिस्तान में पवन के वेग को थामते है तथा वर्षा में भी मददगार है । विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी, डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. एन.वी. पाटिल, डॉ. प्रवीण कुमार, एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जे.पी. सिंह, डॉ. विपिन चौधरी, डॉ. ए.के पटेल, डॉ. बी.एस. राठौड़, डॉ. एस.पी.एस. तंवर, डॉ. अकथ सिंह, डॉ. आर.एन. कुमावत, डॉ. अर्चना वर्मा एवं अन्य वैज्ञानिकों ने सघन पौधारोपण किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र बीकानेर एवं भुज में भी सघन पौधारोपण किया गया ।